| | | |
|---|---|---|
| 29.04.2025 | आकाशवाणी जयपुर–अजमेर<br>प्रादेशिक समाचार | 18.30 पीएम |

○ जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक ।

○ केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ राज्य में शहरी विकास और ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं की समीक्षा की।

○ प्रदेश में सरकारी विभागों की कुछ वेबसाइटों को पाकिस्तानी हैकर्स ने निशाना बनाया–शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा–मामले की व्यापक जांच करवाई जा रही है।

○ राज्य में कुछ स्थानों पर कल हीटवेव का दौर जारी रहने के आसार–एक मई से आंधी–बारिश की संभावना।

000

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में उनके आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक हो रही है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के अध्यक्ष भी मौजूद हैं।

000

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बनाया जा रहा है। श्री मोदी आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अपनी तरह के पहले महत्वपूर्ण नीतिगत सम्मेलन युग्म को सम्बोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत के नवाचार तंत्र में बड़े पैमाने पर निजी निवेश को प्रेरित करना और तकनीक में अनुसंधान से तेजी लाना है। श्री मोदी ने कहा कि सम्मेलन में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग, शोध और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग उपस्थिति हैं, इसी एकजुटता को युग्म कहते हैं।

उन्होंने कहा कि युग्म कॉन्क्लेव से भारत की इनोवेशन कैपेसिटी को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य में शिक्षा नीति की बड़ी भूमिका होती है। आज दुनियाभर में भारतीय संस्थानों की संख्या बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टेलेंट, ट्रेप्रामेंट और टेक्नॉलाजी ही भारत के भविष्य को ट्रांसफॉर्म करेगी। देश को प्रौद्योगिकी के हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में काम हो रहा है।

000

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ राज्य में शहरी विकास और ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में केन्द्र और राज्य सरकार के आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

000

प्रदेश में सरकारी विभागों की कुछ वेबसाइट को पाकिस्तानी हैकर्स ने निशाना बनाया है। शिक्षा विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण और स्वायत शासन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट को हैक करने के बाद साइबर हमलावरों ने इन पर पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए आपत्तिजनक सामग्री डाली। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए विभाग की आईटी शाखा को सक्रिय कर दिया है। इसके बाद फिलहाल वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया और रिकवरी का काम तेज़ी से किया जा रहा है। विभाग ने साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचित किया है। साथ ही जांच भी शुरू कर दी गई है। यह पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं कि इस साइबर

हमले के पीछे कौन–सा समूह है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोई संवेदनशील डाटा लीक होने की अभी पुष्टि नहीं हुई है, एहतियातन सभी सिस्टम्स की व्यापक जांच करवाई जा रही है।

0000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज झुन्झुनू जिले के दोरासर गांव स्थित सैनिक स्कूल में नवनिर्मित बालिका छात्रावास का लोकापर्ण किया। उपमुख्यमंत्री ने छात्राओं से संवाद भी किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने शौर्य उद्यान का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शौर्य उद्यान का नये सिरे से निर्माण करवाया जाएगा जिससे वीर सैनिकों और शहीदों की स्मृतियों को सहेजा जा सके। साथ ही आने वाली पीढ़िया उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें।

....................

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी की हवेलियों को संरक्षित करने की योजना बनाई जा रही है इसके लिए लगातार बैठक की जा रही है।

000

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत आज पाली प्रवास पर रहे। उन्होंने तखतगढ में तालाब सौन्दर्यीकरण कार्यों और नगरपालिका के अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जनसुनवाई भी की। उधर सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने आज जालौर में सुन्देलाव तालाब के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। अमृत योजना 2.0 के तहत ये काम करवाये जायेगें। सौन्दर्यीकरण और विकास के इन कार्यों पर एक करोड 96 लाख रूपये खर्च किये जायेगें। इस मौके पर श्री गर्ग ने कहा कि सुन्देलाव तालाब ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। इसे सुन्दर और साफ बनाये रखना सभी की जिम्मेदारी है।

000

कनार्टक के राज्यपाल थावर चन्द गहलोत आज चूरू पहुंचे। उन्होंने सालासर बालाजी मन्दिर में दर्शन कर देश की खुशहाली की कामना की।

000

उत्तराखंड में कल अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही आधिकारिक इस साल की चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा। इसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है, और आज से ही बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। गौरतलब है कि दो मई को केदारनाथ और चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट भी खोल दिये जांएगे।

000

परशुराम जयंती आज मनाई जा रही है। भगवान परशुराम को शस्त्र और शास्त्रों के दिव्य ज्ञान के लिये पूजनीय माना जाता है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर में भगवान परशुराम का अभिषेक कर प्रसाद वितरित किया। वहीं हनुमानगढ, सिरोही, जयपुर, पाली सहित कई स्थानों पर शोभा यात्राएं और वाहन रैली निकाली जा रही हैं। अक्षय तृतीया का पर्व कल मनाया जाएगा। इसे अबूझ सावा माना जाता है। इस अवसर पर बड़े पैमाने पर विवाह समारोह और मांगलिक कार्यक्रम होगें। इस बीच संभावित बाल विवाहों के आशंका के मद्देनजर पुलिस प्रशासन कडी निगरानी बरत रहा है। जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम भी सक्रिय हैं।

000

राज्य के पश्चिमी हिस्सों में अगले दो दिनों तक हीटवेव का दौर जारी रहने के आसार हैं। आज प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में लू और प्रचण्ड गर्मी का असर रहा। बीते चौबीस घंटों में बाड़मेर और जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से उपर दर्ज हुआ। साथ ही जोधपुर, फलौदी, कोटा, वनस्थली सहित कई शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्यिसस के पार मापा गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक मई से राज्य में आंधी–बारिश की गतिविधियां शुरू होंगी। इसका असर 7 मई तक बना रह सकता है। इससे तापमान में गिरावट आएगी और लू से राहत मिलने के आसार हैं।

000

आज विश्व नृत्य दिवस है। नृत्य कला को समर्पित ये दिन पूरी दुनिया में मनाया जाता है। विश्वभर में नृत्य के दीवाने हैं और इसकी विभिन्न शैलियां प्रचलित हैं।

000